# SAPTH SMAROH (2016)

## कन्या महाविद्यालय में छात्रसंघ ने ली शपथ




कन्या महाविद्यालय में शपथ ग्रहण के दौरान कॉलेज के प्राचार्य बीएस चौहान ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कक्षा प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई।



राज्य में शिक्षकों के आउटसोर्सिंग के मामले में अभियान चला रहे अमित जोगी ने कॉलेज में उपस्थित छात्रसंघ पदाधिकारियों के साथ सभी छात्राओं और मौजूद लोगों को आउटसोर्सिंग का [illegible]

Scanned by TapScanner


विजियाराजे
शास.कन्या महाविद्यालय कवर्धा
ग्रहण समारोह
5-2016
कन्या महाविद्यालय कवर्धा


राजमाता विजियाराजे सिंधिया शास.कन्या महाविद्यालय कवर्धा
शपथ ग्रहण समारोह
कन्या महाविद्यालय कवर्धा
09 09 2015

# Sapath Samaroh(2017)

छात्र राजनीति | जिले के छह कॉलेजों में बिके 520 नामांकन पत्र, 159 पदाधिकारियों के लिए

## पीजी कॉलेज में अभाविप के छात्रसंघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को अपात्र घोषित करने की मांग

**छात्रसंघ चुनाव-2016**

भास्कर न्यूज़ | कवर्धा

जिले के 7 सरकारी कॉलेजों में शनिवार को नामांकन पत्रों का विक्रय किया गया। इनमें से 6 कॉलेजों में अलग-अलग छात्र संगठनों ने 520 आवेदन खरीदे। इनमें जहां 159 आवेदन पदाधिकारियों के लिए थे, वहीं 311 आवेदन क्लास रिप्रजेंटेटिव यानी सीआर के लिए लिए गए। हालांकि, पिपरिया कॉलेज में आवेदनों की बिक्री के आंकड़े उपलब्ध नहीं हो सके।

नामांकन आवेदन में गलतियों के कारण उम्मीदवारी रिजेक्ट होने जैसे डर के कारण सभी छात्र संगठनों ने इस बार प्रत्येक पदाधिकारी और सीआर के लिए एक से ज्यादा आवेदन लिए हैं। इसके कारण पदाधिकारियों व सीआर के आवेदन की बिक्री के आंकड़े बढ़े हुए नजर आ रहे हैं। कवर्धा कॉलेज में पदाधिकारियों के लिए 50 फार्म व सीआर के 119 फार्म, गर्ल्स कॉलेज कवर्धा में पदाधिकारियों के 22 फार्म व सीआर के 26 फार्म, बोड़ला कॉलेज में पदाधिकारियों के 50 व सीआर के 77, पांडातराई कॉलेज में पदाधिकारी के लिए 30 व सीआर के लिए 48 फार्म, सहसपुर लोहारा में पदाधिकारियों के 14 व सीआर के 6 फार्म छात्र संगठनों ने लिए हैं। इसी तरह पंडरिया कॉलेज में 43 आवेदन पदाधिकारियों के लिए और 35 फार्म सीआर के लिए खरीदे गए।



कवर्धा. शासकीय पीजी कॉलेज में प्रत्याशी नामांकन पत्र ले रहे।

**एक और पीजी कॉलेज खुलवाने का वादा**

### अभाविप ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को जिले के सभी 7 सरकारी कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। इसके साथ ही अभाविप के छात्र नेताओं ने इस चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र भी जारी कर दिया। इस घोषणा पत्र में अभाविप ने 9 बिंदु तय किए हैं, जिनमें सबसे प्रमुख जिला मुख्यालय में एक और पीजी कॉलेज की मांग शामिल है।

### घोषणा पत्र में वोटरों को रिझाने की कोशिश

अभाविप ने अपनी घोषणा पत्र में मतदाताओं को रिझाने के लिए छात्रवृत्ति को दोगुना करने और बस किराया में 50 प्रतिशत छूट दिलाने जैसे मुद्दों को शामिल किया है। अभाविप के जिला संयोजक लोकनाथ देवांगन, जिला छात्रा प्रमुख सृष्टि उपाध्याय व नगर मंत्री खिलेश बंजारे ने प्रेस कान्फ्रेंस में अभाविप के सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। साथ ही उन्होंने घोषणा पत्र को बतौर संकल्प पत्र जारी किया।

### अभाविप ने अभिषेक को बनाया उम्मीदवार

जिले के सबसे बड़े पीजी कॉलेज कवर्धा में अध्यक्ष पद के लिए अभाविप ने अभिषेक पांडेय के नाम पर मुहर लगाई है। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक चंद्रवंशी, सचिव पद के लिए पोखराज डहरिया और सहसचिव पद के लिए अर्चना साहू के नाम फाइनल किए गए हैं। इसके अलावा गर्ल्स कॉलेज कवर्धा में अध्यक्ष पद के लिए संतोषी चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष के लिए रानू तिवारी, सचिव के लिए सती रात्रे व सहसचिव के लिए दिव्या धुर्वे के नाम तक किए हैं।

### जिले के किन कॉलेजों में कितने फॉर्म बिके

| कॉलेज | फार्म दिए |
|---|---|
| पीजी कॉलेज कवर्धा | 169 |
| गर्ल्स कॉलेज कवर्धा | 48 |
| बोड़ला कॉलेज | 127 |
| पांडातराई कॉलेज | 78 |
| स. लोहारा कॉलेज | 20 |
| पंडरिया कॉलेज | 78 |

### जिले के 5 कॉलेजों में तय हुए उम्मीदवार

अभाविप ने पंडरिया कॉलेज में अध्यक्ष पद के लिए पूर्णिमा चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष के लिए सफरान खान, सचिव के लिए शुभम राजपूत व सहसचिव के लिए गणेश सोलंकी को तय किया है। पांडातराई कॉलेज में अध्यक्ष हेमकांता श्रीवास, उपाध्यक्ष गोपी चंद्रवंशी, सचिव गगन गुप्ता, सहसचिव के लिए सूरज ध्रुव, बोड़ला कॉलेज में अध्यक्ष के लिए यज्ञदत्त वर्मा, उपाध्यक्ष के लिए शिवम केशरवानी, सचिव के लिए ममता हठिले व सहसचिव के लिए मोहन मेरावी, सहसपुर लोहारा कॉलेज में अध्यक्ष के लिए मौसमी यादव, उपाध्यक्ष के लिए रानी कोशले, सचिव के लिए महेश राजपूत व सहसचिव के लिए सावंत साहू उम्मीदवार होंगे। साथ ही पिपरिया कॉलेज में यशवंत चंद्रवंशी को अध्यक्ष, मिथिला चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष, आकाश जायसवाल को सचिव व जयेन्द्र साहू को सहसचिव पद का उम्मीदवार बनाया गया है।



कवर्धा. घोषणा पत्र जारी करते अभाविप के छात्र नेता।

### बस किराए में पचास फीसदी छूट जैसे वादे

अभाविप ने इस शैक्षणिक सत्र में कॉलेजों में नौ बिन्दुओं पर काम करने के लिए योजना तैयार की है। घोषणा पत्र के मुताबिक सभी कॉलेजों में स्थाई प्राचार्य व प्राध्यापकों की नियुक्ति, छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी कराने व बस किराए में 50 फीसदी छूट कराने को लेकर भी कदम उठाएंगे। अभाविप ने सभी कॉलेजों में सीटों में बढ़ोतरी कराने, कैंटीन शुरू कराने, कॉलेज को वाई-फाई कैम्पस बनाने, सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा लगवाने, गर्ल्स कॉमन रूम व महिला सुरक्षा सेल का गठन कराने व एक और पीजी कॉलेज के निर्माण कराने जैसे वादे किए हैं।

### अभाविप उम्मीदवार अभिषेक आपत्ति

पीजी कॉलेज में अभिषेक पांडेय के अभाविप के अध्यक्ष उम्मीदवार घोषित किए जाने के पहले ही एमएससी बॉटनी के थर्ड सेमेस्टर के छात्र जितेन्द्र लहरे ने पात्रता को लेकर आपति की है। जितेन्द्र के मुताबिक यदि कोई छात्र एक संकाय में अध्ययन करते हुए विषय परिवर्तन करता है, या महाविद्यालय के परीक्षा में कभी भी अनुतीर्ण होता है, तो वह छात्र संघ चुनाव से अपात्र हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अभिषेक पांडेय ने महाविद्यालय प्रथम वर्ष बीकॉम से अनुतीर्ण होकर अन्य संकाय में प्रवेश लिया है, चूंकि नियमावली अनुसार वे अपात्र की श्रेणी में आते हैं।

**सोमवार को जमा कर सकेंगे**

चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक नामांकन पत्रों का विक्रय किया गया। अब चुनाव लड़ने के इच्छुक छात्र-छात्राएं सोमवार को आवेदन जमा कर सकेंगे। **डॉ. वीएस चौहान**, प्राचार्य, गर्ल्स कॉलेज



कार्यक्रम | शांत्रीबाई कॉलेज में स्वागत समारोह का आयोजन

# कन्या महाविद्यालय में छात्र पदाधिकारियों ने ली शपथ

कवर्धा। नईदुनिया न्यूज

शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में गत दिनों छात्र पदाधिकारियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष पूनम नवीन ठाकुर उपस्थित थी। वहीं विशिष्टशेखर बख्शी अधिवक्ता, नवीन ठाकुर जनभागीदारी सदस्य व प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रसंघ पदाधिकारी उमा साहू अध्यक्ष, मानसी वर्मा उपाध्यक्ष, रामबती मरकाम सचिव, नेहा वर्मा सह सचिव एवं कक्षा प्रतिनिधि

### समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार करने का किया आह्वान

दिव्या बंजारे, हरदीप कौर, ज्योति जायसवाल, कुंती लहरे, नंदिता शर्मा, ममता तथा तनू खत्री, मनीशा चंद्राकर ने शपथ ली और छात्र तथा महाविद्यालय हित में कार्य करने की बात कही। अतिथियों ने छात्राओं को पद की गरिमा के अनुरूप समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया।

वहीं पदाधिकारी छात्राओं ने शपथ ग्रहण पश्चात नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम 14 अक्टूबर को महाविद्यालय में आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में छात्रसंघ प्रभारी सहायक प्राध्यापक लवन सिंह कंवर, के तिग्गा, असित कुमार, डॉ. बिरेन्द्र कुमार, जालेश्वर कौशिक, राजा झारिया, रंजना शुक्ला, देव प्रसाद साहू, गीतांजली देवांगन, श्वेता साहू, गिरजेश्वरी चंद्राकर, यशोधरा मानिकपुरी, ब्रजेश कुमार, बलू डहरिया आदि उपस्थित थे।



# दायित्व... छात्रसंघ के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ




**कवर्धा** | नगर के शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को छात्र संघ शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें अध्यक्ष उमा साहू, उपाध्यक्ष मानसी वर्मा, सचिव रामबती मरकाम, सह-सचिव नेहा वर्मा व कक्षा प्रतिनिधियों को शपथ दिलाया गया। इस शपथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूनम ठाकुर, विशिष्ट अतिथि शेखर बख्शी, नवीन ठाकुर, प्राचार्य डॉ बीएस चौहान समेत छात्राएं मौजूद रही।


शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा
छात्र संघ शपथ समारोह
में आप सादर आमंत्रित है


शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा
छात्र संघ शपथ समारोह
में आप सादर आमंत्रित है
दिनांक • 13•10•2017